दिन– शुक्रवार | दिनांक– 10/01/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रदेश में भीषण ठंड का प्रकोप जारी। अधिकांश जिलों में न्यूनतम तापमान दस डिग्री सेल्सियस से नीचे आया।

02. चार विश्वविद्यालयों में नये कुलपति नियुक्त किये गये। रविन्द्र कुमार नालंदा खुला विश्वविद्यालय के कुलपति बने।

03. पिछले साल अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ तीन हजार से अधिक स्थानों पर छापेमारी की गयी। जुर्माने के रूप में नौ करोड़ रूपये की हुई वसूली।

04. और, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने कहा – प्रदेश में जल्द ही ई–ऑफिस प्रणाली लागू की जाएगी।

---

प्रदेश में भीषण ठंड का प्रकोप जारी है।पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के तीस जिलों का न्यूनतम तापमान दस डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। पांच दशमलव एक डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ समस्तीपुर का पूसा राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। वहीं राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान में नौ दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रदेश के मौसम के मिजाज में बदलाव आ रहा है। आज से पूरबा हवा चलने की संभावना है, जिस कारण लोगों को कनकनी से राहत मिलेगी। हवा के रूख बदलने से प्रदेश में तापमान में बढ़ोतरी का पूर्वानुमान है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले तीन दिनों के दौरान तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी हो सकती है।

–––बाइट–––

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पूरी दुनिया विभिन्न वैश्विक समस्याओं के समाधान के लिए भारत की ओर देख रही है। श्री मोदी ने नई दिल्ली में जीनोमिक्स डाटा कन्कलेव के लिए एक वीडियो संदेश में कहा कि जीनोम इंडिया प्रोजेक्ट देश के

जैव प्रौद्योगिकी परिदृश्य को परिभाषित करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत को जैव अर्थव्यवस्था आधारित बनाने के लिए इक्कीसवीं सदी में जैव प्रौद्योगिकी और जैव ईंधन का समन्वय महत्वपूर्ण आधार है।

———बाईट———

बायो इकोनॉमी, सस्टेनेबल डेवलपमेंट को गति देती है, इनोवेशन को अवसर देती है। मुझे खुशी है कि बीते 10 वर्षों में, देश की बायो इकोनॉमी तेजी से आगे बढ़ी है। साल 2014 में जो बायो इकोनॉमी 10 बिलियन डॉलर की थी, वो आज डेढ़ सौ बिलियन डॉलर से ज्यादा की हो गई है। भारत अपनी बायो–इकोनॉमी को नई बुलंदी देने में भी जुटा है।

श्री मोदी ने जीनोम इंडिया डाटा जारी करने की सराहना की तथा इसे अनुसंधान और स्वास्थ्य देखभाल के लिए ऐतिहासिक कदम बताया।

———बाईट———

बीते 10 सालों में रिसर्च और इनोवेशन के लिए पढ़ाई के हर स्तर पर बहुत जोर दिया गया है। आज 10 हजार से ज्यादा अटल टिंकरिंग लैब्स में हमारे स्टुडेंट्स हर रोज नए–नए एक्सपेरिमेंट कर रहे हैं। नौजवानों के इनोवेटिव आइडियाज को आगे बढ़ाने के लिए पूरे देश में सैकड़ों अटल इन्क्यूबेशन सेंटर बने हैं।

———————————————————————————

राज्यपाल सह कुलाधिपति आरिफ मोहम्मद खान ने चार विश्वविद्यालयों में नये कुलपतियों की नियुक्ति की है। राजभवन द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार संजय कुमार को मुंगेर विश्वविद्यालय का कुलपति बनाया गया है। वहीं, विवेकानन्द सिंह को पूर्णियां विश्वविद्यालय और रवीन्द्र कुमार को नालंदा खुला विश्वविद्यालय, राजगीर का कुलपति नियुक्त किया गया है। डॉक्टर इन्द्रजीत सिंह को बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना का नया कुलपति नियुक्त किया गया है।

———————————————————————————

उपमुख्यमंत्री सह खनन और भूतत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि पिछले साल अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के तहत तीन हजार छह सौ ग्यारह स्थानों पर छापेमारी की गयी। इस दौरान लगभग नौ करोड़ रूपये की वसूली जुर्माने के रूप में हुई। उन्होंने कहा कि इस मामले में सबसे अधिक गिरफ्तारी नवादा जिले में अड़तीस व्यक्ति की हुई है। इसके साथ ही सभी जिलों से अवैध खनन में शामिल आठ सौ पंद्रह वाहनों को भी जब्त किया गया है।

———————————————————————————

मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने कहा है कि प्रदेश में जल्द ही ई–ऑफिस प्रणाली लागू की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक में कहा कि ई–ऑफिस लागू होने से सरकारी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता के साथ कार्य की गति बढ़ेगी। श्री मीणा

ने कहा कि इस प्रणाली को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए कर्मियों को तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार डिजिटलीकरण और बदलावों को अपनाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

——————————————————————————

नीतीश मंत्रिमंडल का खरमास के बाद विस्तार होने की संभावना है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंत्रिमंडल विस्तार में भाजपा से नये चेहरों को जगह मिल सकती है। वहीं, भाजपा के जिन मंत्रियों के पास एक से अधिक विभाग हैं, उन्हें कम कर कैबिनेट में शामिल होने वाले नये मंत्रियों के बीच बांटे जायेंगें। कई विभागों के मंत्रियों के बदले जाने की भी संभावना है। इधर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि खरमास के बाद मंत्रिमंडल विस्तार पर चर्चा होगी।

———बाईट———

——————————————————————————

बिहार विधान परिषद की एक रिक्त सीट के लिए होने वाले उपचुनाव के लिए एनडीए की ओर से जदयू के ललन प्रसाद ने अपना नामांकन पत्र भरा। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा समेत एनडीए के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। इस सीट के लिए नामांकन की आखिरी तारीख तेरह जनवरी है। चौदह जनवरी को नामांकन पत्रों की जांच होगी, जबकि सोलह जनवरी तक उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकते हैं। यदि किसी और उम्मीदवार ने नामांकन नहीं किया तो सोलह जनवरी को ललन प्रसाद की जीत की घोषणा कर दी जाएगी। यदि किसी और उम्मीदवार ने नामांकन किया तो मतदान तेईस जनवरी को होगा। गौरतलब है कि राजद के सुनील कुमार सिंह की सदस्यता समाप्त किए जाने के बाद इस सीट के लिए उपचुनाव हो रहा है।

——————————————————————————

राज्य के किसानों तक खेती, मौसम और बाजार से जुड़ी सूचनाएं समय पर पहुंचाने के लिए कृषि रेडियो की शुरूआत पटना में हुई। कृषि मंत्री मंगल पांडे ने इसका उद्घाटन करते हुए कहा कि यह किसानों के लिए वरदान साबित होगा। श्री पांडेय ने कहा कि इसके माध्यम से किसानों से फीडबैक लिया जा सकता है। साथ ही कृषि कार्यों से जुड़े उनके सवालों का जवाब भी दिया जा सकता है।

———बाईट———

———————————————————————————

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने भारत–नेपाल सीमा क्षेत्र का दौरा किया और भारत–नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी–इकतालीसवीं बटालियन के कार्य क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने सीमा पर चौकसी बरतने और घुसपैठ पर रोक लगाने के निर्देश दिये। श्री राय ने आईजी सुधीर कुमार और एसएसबी के महानिदेशक अनुपमा निलेकर समेत अन्य अधिकारियों के साथ बैठक भी की।

———————————————————————————

एनडीए पंद्रह से बाईस जनवरी तक पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सीतामढ़ी और गोपालगंज समेत दस जिलों में सम्मेलन करेगा। यह सम्मेलन एनडीए के घटक दलों के बीच समन्वय बनाने और कार्यकर्ताओं को एक साथ चलने के लिए प्रेरित करेगा। एनडीए की दल आपस में समन्वय के लिए संयुक्त प्रेसवार्ता से लेकर अन्य कार्यक्रम भी आयोजित कर रहे हैं।

———————————————————————————

देश में एचएमपीवी वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलो को देखते हुए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। प्रदेश में भी वायरस संक्रमण को रोकने के लिए विशेष कदम उठाए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिलों में तैनात महामारी रोग विशेषज्ञों का एक सोशल मीडिया ग्रुप बनाया है, जिस पर इस बीमारी से जुड़े अपडेट साझा किये जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने श्वसनतंत्र से जुड़ी बीमारी पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया है। इधर, एम्स नई दिल्ली के इंटरनल मेडिसिन विभाग के डॉक्टर नीरद निश्चल ने कहा कि एचएमपीवी की तुलना कोविड नाइनटीन से नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि यह वायरस पुराना है।

———बाईट———

———————————————————————————

परिवहन सचिव संजय अग्रवाल ने कहा है कि राष्ट्रीय उच्च पथ, एनएच और राज्य उच्च पथ, एसएच के किनारे लावारिश पड़े वाहनों को जब्त किया जाएगा। उन्होंने इस संबंध में सभी जिला परिवहन अधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारियों को भेजे निर्देश में कहा है कि सड़कों के किनारे खराब या लावारिश पड़े बसों, ट्रकों और अन्य वाहनों को जब्त किया जाएगा और उन्हें वहां से हटाया जाए। यह कार्रवाई अगले महीने से शुरू हो जाएगी।

———————————————————————————

राजधानी पटना में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर गांधी मैदान में आम लोगों प्रवेश पर रोक लगा दी गयी है। इसके साथ ही मैदान में गणतंत्र दिवस परेड का रिहर्सल शुरू हो गया है। गांधी मैदान को चार जोनों में बांटकर निगरानी की जा रही है। यहां अस्थायी थाना, नियंत्रण कक्ष और अठारह वॉच टॉवर लगाये जा रहे हैं, ताकि समारोह में आने वाली भीड़ को व्यवस्थित बनाये रखा जा सके। पटना के जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि गणतंत्र दिवस के दिन एक सौ अट्ठाईस सीसीटीवी कैमरों से मैदान की निगरानी की जाएगी। उन्होंने कहा कि समारोह के दौरान सभी गेट पर दंडाधिकारी और पुलिस अधिकारी तैनात रहेंगे।

———————————————————————————

इंटरमीडिएट की प्रायोगिक परीक्षा आज से शुरू हो रही है, जो बीस जनवरी तक चलेगी। इस परीक्षा में तेरह लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। परीक्षा को लेकर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने एक कंट्रोल रूम बनाया है।

———————————————————————————

सीबीएसई ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। अभ्यर्थी सीटीईटी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना परिणाम देख सकते हैं। गौरलतब है कि यह परीक्षा चौदह और पंद्रह दिसम्बर को आयोजित की गयी थी।

———————————————————————————

पूर्व मध्य रेलवे पाटलिपुत्र और बलिया के बीच आज से इकतीस मार्च तक विशेष ट्रेन का परिचालन कर रहा है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि पाटलिपुत्र–बलिया पैसेंजर स्पेशल ट्रेन पाटलिपुत्र से प्रतिदिन सुबह सवा आठ बजे खुलेगी और दोपहर बाद पौने एक बजे बलिया पहुंचेगी। वहीं, वापसी में यह ट्रेन एक बजे बलिया से खुलेगी और शाम पांच बजकर पचपन मिनट पर पाटलिपुत्र पहुंचेगी।

———————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को अपनी सुर्खी बनाई है।

**हिन्दुस्तान** ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान को तरजीह देते हुए लिखा है – भारत पूरी करेगा प्रतिभा की मांग।

**दैनिक जागरण** ने सर्वोच्च न्यायालय के हवाले से लिखा है – आरक्षण से किसी को बाहर करना, सरकार और विधायिका का काम।

**दैनिक भास्कर** ने मौसम की खबर को प्रमुखता देते हुए लिखा है – तीस जिलों का न्यूनतम तापमान दस डिग्री सेल्सियस के नीचे, पटना का तापमान नौ दशमलव पांच डिग्री।

**प्रभात खबर** ने बिजली दरों से जुड़ी खबर का शीर्षक लगाया है – कंपनियों ने दिया प्रस्ताव– सुबह, शाम और रात के लिए अलग–अलग होगी बिजली दर।

**राष्ट्रीय सहारा** की सुर्खी है – बीपीएससी पीटी मामला पहुंचा पटना हाई कोर्ट।

**आज अखबार** लिखता है – बाजारों में खूब चल रहे पांच सौ के नकली नोट।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रदेश में भीषण ठंड का प्रकोप जारी। अधिकांश जिलों में न्यूनतम तापमान दस डिग्री सेल्सियस से नीचे आया।

02. चार विश्वविद्यालयों में नये कुलपति नियुक्त किये गये। रविन्द्र कुमार नालंदा खुला विश्वविद्यालय के कुलपति बने।

03. पिछले साल अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ तीन हजार से अधिक स्थानों पर छापेमारी की गयी। जुर्माने के रूप में नौ करोड़ रूपये की हुई वसूली।

04. और, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने कहा – प्रदेश में जल्द ही ई–ऑफिस प्रणाली लागू की जाएगी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।